p>

Title: Request the government for proper distribution of urea to farmers of Madhya Pradesh.

श्री अनिल फिरोजिया (उज्जैन): सभापति जी, आपका बहुत-बहुत धन्यवाद कि आपने मुझे एक बहुत महत्वपूर्ण विषय पर बोलने के लिए समय दिया । मैं तीन दिनों से प्रयास कर रहा था, यह सोच-सोच कर और इसी टेंशन में मेरा दो-तीन किलो वजन बढ़ गया है क्योंकि मध्य प्रदेश में इस वक्त अन्नदाता बहुत परेशान है ।

महोदय, मैं सर्वप्रथम प्रधान मंत्री नरेंद्र मोदी जी को धन्यवाद दूंगा जिन्होंने एक हजार करोड़ रुपये राहत राशि के रूप में मध्य प्रदेश के किसानों के लिए मध्य प्रदेश शासन को दिए हैं । लेकिन यूरिया की जो दिक्कत है, उसके कारण हमारे मध्य प्रदेश में अराजकता फैल रही है और किसान आपस में लड़ रहे हैं । केन्द्र सरकार यहां से पूरा यूरिया दे रही है, लेकिन वहां कांग्रेस सरकार के कारण और अधिकारियों की मिलीभगत से यूरिया व्यवस्थित तरीके से वितरित नहीं हो पा रहा है, जिससे अन्नदाता बहुत परेशान है । मेरा आपके माध्यम से निवेदन है कि केन्द्र सरकार हस्तक्षेप करके वहां यूरिया उपलब्ध करवाए ताकि हमारे किसानों को राहत मिल सके । धन्यवाद ।